# पूजन के बाद दशहरा मैदान पर पाड़ा दंगल आयोजित

## वर्षों पुरानी परम्परा का किया निर्वहन, समाजजनों ने एक-दूसरे को दी दीपावली और पड़वा की शुभकामनाएं



**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिवाली के दूसरे दिन पड़वा के अवसर पर शहर में पाड़ा दंगल का आयोजन किया गया। शहर के दशहरा मैदान पर आयोजित हुए पाड़ा दंगल में शहर सहित आसपास के कई ग्रामों से लोग पहुंचे थे।

बुधवार सुबह 8 बजे से दशहरा मैदान पर पाड़ा दंगल का आयोजन किया गया। वर्षों पुरानी इस परंपरा को लेकर दशहरा मैदान पर बड़ी संख्या में पशुपालक पाड़ों को लेकर पहुंचे थे। वहीं पुजन के बाद पाड़ा दंगल शुरू किया गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग दशहरा मैदान पहुंचे थे। इस आयोजन में जीत और हार को लेकर कोई भी प्रतिस्पर्धा नहीं होती है। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा एक-दूसरे को दीपावली और पड़वा पर्व की शुभकामनाएं दी गई।

समाज के वरिष्ठों ने कहा कि दिवाली के पड़वा के अवसर पर पाड़ा दंगल का आयोजन किया जाता है। इस दंगल के बहाने लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, साथ ही दंगल से लोगों का खूब मनोरंजन होता है।

पहले पशुपालक अपने गौवंश और पशुओं को सजा-धजा कर शहर में घुमाने के लिए निकालते हैं। पशुओं को घुमाने के बाद उसे दशहरा मैदान ले जाया जाता है। जहां दंगल होता है। इस अनोखी लड़ाई को देखने के लिए शहर सहित आसपास के कई ग्रामों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। पशु मालिकों ने बताया भैंसों की लड़ाई नाम और वर्चस्व के लिए कराई जाती है। लड़ाई से पहले वे भैंसों को बेहतरीन खुराक भी खिलाई जाती हैं।

### वर्षों पुरानी है परम्परा

दंगल को लेकर पाड़ों की विशेष तौर पर साज और सज्जा की गई। ये परंपरा आज कल की नहीं, बल्कि 100 सालों से भी पुरानी है। पड़वा के दिन बच्चों के द्वारा गौवंश और पशुओं के सामने पटाखे छोड़े जाते हैं।

पाड़ा दंगल के दौरान कांतार नाम लिखा पाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र रहा। दंगल में भिड़ंत के दौरान कांतार पाड़ा दूसरों पर भारी पड़ा। जिले में कई स्थानों पर पाड़ा दंगल का आयोजन किया गया।

### हजारों लोग पहुंचे

- पाड़ा दंगल देखने शहर सहित ग्रामों से हजारों लोग पहुंचे।
- इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## लोकसभा सांसद ने किया गौवर्धन का पूजन



**बड़वानी।** दीपावली पर्व के अवसर पर गौवर्धन पुजन का आयोजन जिले के विभिन्न ग्रामों में किया गया। लोकसभा सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल एवं विधायक राजन मंडलोई ने ग्राम तलवाड़ा बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में गौवर्धन एवं गौमाता का पुजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## ग्राम सजवानी में सीएमएचओ ने किया भ्रमण



**बड़वानी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेखा जमरे द्वारा 22 अक्टूबर 2025 को ग्राम सजवानी के उल्टी-दस्त प्रभावित घरों की भ्रमण कर आवश्यक चिकित्सकीय ईलाज किया गया। भ्रमण के दौरान 42 सामान्य दस्त के मरीज पाए गए। कोई भी व्यक्ति गंभीर स्थिति में नहीं पाया गया। मोहल्ले की कुल जनसंख्या 980 के 208 घरों का सर्वे किया गया। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय रेपिड रिस्पांस टीम के 14 सदस्यों द्वारा सजवानी के सिर्वी मोहल्ले में घर-घर जाकर प्रभावित 42 व्यक्तियों का चिकित्सकीय उपचार किया गया। प्रभावित क्षेत्र से पानी के सेम्पल लेकर जांच के लिए इन्दौर भेजे गए हैं। साथ ही वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ सीएचओ, एएनएम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने रूपनगर वासियों के साथ मनाई दिवाली



**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह ने सोमवार को दीपावली का त्यौहार जरूरतमंदों के साथ मनाया। कलेक्टर बड़वानी नगर के रूपनगर में पहुंची तथा वहां पर निवासरत लोगों को कलेक्टर ने सपरिवार दिपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई एवं पटाखों का वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की छोटी-छोटी खुशियों से उनमें मुस्कुराहट देखकर जो सुकून मिलता है, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इस दौरान उनके साथ बड़वानी एसडीएम भूपेन्द्र रावत उपस्थित थे।

## चौहान परिवार ने नगरपालिका परिषद् के सफाईकर्मियों का किया उत्साहवर्धन

**झाबुआ।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गायत्री परिवार से जुड़े पंकज चौहान परिवार द्वारा दीपावली के पुनित अवसर पर नगरपालिका परिषद् के सफाई कामगार, जो प्रतिदिन अलसुबह जल्दी उठकर सड़कों पर सफाई कार्य पूरी मुश्तैदी से करते है। चाहे ठंड हो या बारिश, गर्मी, वे अपना काम पूरी ईमानदारी और मेहनत से करते है। इस उपलक्ष में पंकज चौहान परिवार ने वार्ड क्र. 3 की गली में सफाई करने वाले सफाई फायटरों का कर्तन ध्वनि से उत्साहवर्धन किया। बाद सभी का तिलक कर पुष्पमाला पहनाकर उन्हें उपहार भेंट किए। इस हेतु सफाई फायटरों ने चौहान परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्री राधाकृष्ण सरकार मंदिर पर मनाया गया गोवर्धन-पूजा पर्व
## गौमाता और गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजन की



**झाबुआ।** शहर के ह्रदय स्थल राजवाडा स्थित अति प्राचीन श्रीराधाकृष्ण सरकार मंदिर पर 22 अक्टूबर, बुधवार को गोवर्धन-पूजा महोत्सव मनाया गया। जानकारी देते हुए मंदिर के मंहत अजय बैरागी एवं मनीष बैरागी ने बताया सनातन धर्म का गौरवशाली पर्व गोवर्धन-पूजा मंत्रोच्चार के साथ तुलसी सेवा समिति प्रमुख देविका बैरागी, निशा अजय बैरागी, कविता मनीष बैरागी,कृष्णा मदनलाल सोनी, दीपा अजय सोनी, अंजु प्रमोद सोनी, स्वीटी मनीष सोनी, राजकुमारी गोपाल सोनी, कृष्णा प्रभुकांत तिवारी, दिपशीखा विनीत तिवारी, मेघावी बैरागी, पंखुड़ी बैरागी, प्रशंसा सोनी आदि ने पशुधन ओर गोवर्धन पर्वत का पूजन कर गिरीराजधरण के भजन किर्तन किए। साथ ही गौवर्धनजी की 7 परिक्रमा लगाई। इस पावन पर्व पर वरिष्ठ देविका बैरागी ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए संदेश दिया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों और पशुओं को भारी बारिश और तूफान से बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाया था। तभी से प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है, जिसे अन्नकूट महोत्सव के नाम से भी पहचाना जाता है। यह पर्व प्रकृति, पशु और पर्यावरण के प्रति आभार जताने का पर्व भी है। इस शुभ योग में श्रीकृष्ण की पूजा करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## श्रीराम जी का छाया चित्र आकर्षण का केन्द्र

**निवाली ( नवभारत )।** नगर सहित आसपास क्षेत्रों में दीपावली पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन सम्पन्न हो रहे हैं। वहीं नगर के घरों को आकर्षक विद्युत लड़ियों से सजाया गया है। इसी तरह नगर में युवाओं और बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह और रात्रि में जमकर आतिशबाजी भी की जा रही है।




दीपावली के अवसर पर नगर में दीवाली के उपलक्ष्य पर श्रीराम जी का छाया चित्र आकर्षण का केंद्र बन रहा है। नगर के मुनिया कॉलोनी स्थित दुर्गा भवर साबले के द्वारा श्रीराम जी की छाया चित्र रंगोली से बनाई गई, जो सभी श्रद्धालुओं ले के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

एक नजर में — पानसेमल के योग गुरू कृष्णकांत सोनी ने सिखाएं योग के गुर, बताए फायदे

## नि :शुल्क योग शिविर का किया आयोजन

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 23 अक्टूबर**

जिल के ग्राम बालझीरी स्थित संत अगस्टिन कान्वेंट स्कूल में प्रशिक्षणरत महिला सिस्टर्स को नि:शुल्क योग शिविर में योग गुरु कृष्ण कांत सोनी द्वारा योग के गुर सिखाए गए।

योग गुरू ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोग उनकी आदतों को खराब कर हताशा निराशा की ओर धकेल कर अपराध कर रहे हैं। यदि लोगों को अपराध करना ही है तो युवा पीढ़ी को स्वस्थ बनाने का अपराध कर स्वयं भी स्वस्थ रहे। दूसरों को छोटा बनाने वाला एक दिन स्वयं भी छोटा बन जाता है। हम कितने भी शक्तिशाली क्यों ना हो, लेकिन अपने ही परिवार, देश के लोगों में ईर्ष्या, जलन, अहंकार आ जाए, तो वह परिवार, देश, शक्ति शाली होकर भी कमजोर बनकर पराजित हो जाता है। अपनी आदतों का व्यक्ति गुलाम बनकर रोगी बन जाता है। व्यक्ति कितना भी बुद्धिमान क्यों ना हो वह यदि अपने स्वभाव, व्यवहार में परिवर्तन नहीं लाएगा तो वह धीरे-धीरे तनाव ग्रस्त हो जाएगा। क्यों स्वभाव और व्यवहार व्यक्ति पर शासन करते हैं। संस्कारों का अभाव भी व्यक्ति को परेशान करता है। एक तरफ नम्रता व्यक्ति को विजेता बनाती हैं। दूसरी तरफ अहंकार व्यक्ति को एक ना एक दिन पराजित कर ही देता है। इतना भी स्वार्थी ना बने की हम रोगी कहलाए। आए गलत मानसिकता में सुधार कर स्वस्थ हो जाए और सफलता पाए। इसके लिए योग प्राणायाम का अभ्यास करें तभी गलत आदतों से बच पाएंगे और युवा पीढ़ी को स्वस्थ बनाने का अपराध बार बार करें ताकि देश और परिवार मजबूत बने।

योग गुरु ने हास्य सनए तकिया शवासन, विट्ठल आसन का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया। योग गुरु ने बताया कि जिन्हें खट्टी डकार, एसीडिटी, पेट की गर्मी, परेशान करती-रहती है। वे तुरंत एक चम्मच पीसा धनिया पाउडर, एक छोटी चम्मच खड़ी शक्कर का पाउडर दोनों को एक साथ पानी के साथ ले-ले तो उक्त परेशानी में तत्काल प्रभाव शाली फायदा होगा।



### शिविर का लिया लाभ

इस अवसर पर सिस्टर नव्या, प्रशिक्षण रत सिस्टर ने भी योग शिविर का लाभ लिया।

## मेघनगर में नव वर्ष पर धूमधाम से मना गाय गोहरी का पर्व

**मेघनगर** . प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के त्योहार पर नव वर्ष के दिन गाय गोहरी का पर्व धुम धाम से मनाया गया गाय गोहरी का पर्व झाबुआ जिले का प्रमुख पर्व होकर आस्था का पर्व है नगर के शिवाजी चौक पर दोपहर 3 बजे के लगभग गोवर्धन पूजा के बाद गाय माता की पूजा अर्चना कर घर से सुंदर श्रृंगार करा कर मनत धारी परिवार के साथ गाय माता को झुंड के साथ लेकर शिवाजी चौक पर पहुंचे जहां पर पूजा अर्चना के साथ हवन कर गाय गोहरी का पर्व धूमधाम से आतिशबाजी के साथ मनाया गया पुरानी परंपरा अनुसार इस त्यौहार को झाबुआ जिले में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है बताया जाता है कि लापा गोवाल को पवन देव का असर आता था को लोक देव के नाम से जाना जाता है पुरानी परंपरा को आज भी जीवीत रखकर गोवर्धन पूजा कर गाय गोहरी का पर्व मनाया जाता है यह पर्व अटूट श्रद्धा आस्था के साथ साथ धर्म संस्कृति का प्रतिक है.



## तीन दिवसीय मड़ई उत्सव 25 से

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल एवं जिला प्रशासन आलीराजपुर के सहयोग से पुराना पंचायत भवन मैदान, सोण्डवा (आलीराजपुर) में 25 से 27 अक्टूबर, 2025 तक मड़ई उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के जनजातीय नृत्य सहित अन्य राज्यों की कला प्रस्तुतियां एवं नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों का संयोजन किया जा रहा है। उत्सव में 25 अक्टूबर, 2025 श्री निलेश कुमार पटेल एवं साथी-बुरहानपुर द्वारा कोरकू जनजातीय गदली-थापटी नृत्य एवं सुश्री रुकमणि सुरेश्वर एवं साथी-मण्डला द्वारा गोण्ड करमा-सैला नृत्य, श्री भानसिंह धुर्वे एवं साथी-डिण्डोरी द्वारा धुलिया जनजातीय का गुदुमबाजा नृत्य एवं श्री दयाराम एवं साथी-डिण्डोरी द्वारा बैगा जनजातीय करमा/परधौनी/फाग नृत्य, श्री मोजीलाल डांडोलिया एवं साथी-छिंदवाड़ा द्वारा भारिया जनजातीय भड़म नृत्य और सब्बीर सिद्दी एवं साथी, गुजरात द्वारा सिद्दी जनजातीय सिद्धिधमाल नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।

## कलेक्टर ने ग्राम सोमकुआं में की गोवर्धन पूजा

**आलीराजपुर।** शासकीय गोवर्धन गौशाला ग्राम सोमकुआं में कलेक्टर नीतू माथुर ने गोवर्धन पूजा की। इस दौरान माथुर ने गोमाता को गोमिष्टन ओर गोग्रास अर्पित कर पूजा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पशुपालकों के लिए कई योजनाएं का संचालन किया जा रहा है। गोपाल प्रोत्साहन योजना ,गोपाल पुरस्कार योजना आदि योजनाओं से पशुपालकों को प्रेरित कर दूध उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास है जल्दी ही जिले में कार्ययोजना बना कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को दूध उत्पादन से जोड़ा जाएगा।



## महावीर निर्वाण कल्याणक पर कई श्रावक श्राविकाओं ने सामयिक के नियम लिए

**पेटलावद।** महावीर निर्वाण कल्याण के अवसर पर उनकी अंतिम देशना (उपदेश) उत्तराध्यन सूत्र का संपूर्ण वाचन साध्वी प्रमिला जी, विनीता जी , गुणा श्रीजी ने किया। जिसे श्रवण करने भारी संख्या में श्रावक श्राविका पधारे। साध्वी प्रमिला जी की प्रेरणा से कई सभा में उपस्थित श्रावक श्राविकाओं ने 1100 से लेकर न्यूनतम 151 सामायिक वर्ष भर में करने के नियम लेकर प्रभु महावीर के प्रति अपने अहो भाव व्यक्ति किये। श्री संघ ने साध्वी श्री के तीन दिवसीय तक भरपुर धार्मिक व आध्यात्मिक ज्ञान वर्षा कर ने हेतु कृतज्ञता व्यक्त की। नो दिन तक वीर स्तुति का पाठ करने वाले व प्रभावना करने वाले लाभार्थियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

एक नजर — कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा अनुविभाग कार्यालय चंद्रशेखर आजाद नगर का औचक निरीक्षण किया

## बच्चों को शासन से प्राप्त मेनू अनुसार पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा अनुविभाग कार्यालय चंद्रशेखर आजाद नगर का औचक निरीक्षण किया। इस भ्रमण के दौरान माथुर ने सर्वप्रथम आजाद कुटिया का भ्रमण कर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही आजाद कुटिया स्थित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया।**

इस दौरान उनकी अध्यक्षता में ब्लॉक अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में हुआ। माथुर ने इस दौरान सभी ब्लॉक अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभागवार योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा का शिक्षा ओर स्वास्थ प्रशासन की प्राथमिकता है इसलिए शिक्षा से संबंधित समस्त अधिकारी शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार की ओर ध्यान देवे अभी से कक्षा 10वी ओर कक्षा 12 वी की बोर्ड परीक्षा की तैयारी प्रारंभ करे किसी भी स्थिति में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहना चाहिए , शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा , परिक्षा परिणामों का ब्लॉकवार समीक्षा की जाएगी। जिन संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत नहीं रहा तो संबंधित शिक्षक और संबंधित संस्था प्रमुख के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अभी काफी समय है इसलिए अभी से तैयारी प्रारंभ करे और कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षा संचालित करे। उन्होंने प्राथमिक ओर माध्यमिक छात्रों के लिए नोट बनाने , लिखित में होम वर्क देने और गणित विषय पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित बीइओ बीआरसी को दिए। इस दौरान उन्होंने महिला बाल विकास के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय पर आंगनवाड़ी का संचालन किया जाए , छोटे छोटे बच्चों को शासन से प्राप्त मेनू अनुसार पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करे , साथ ही सहायिका को निर्देशित करे कि कुपोषित बच्चों की क्षेत्रवार सूची तैयार करे और उनकी विशेष मॉनिटरिंग कर उन्हें कुपोषित मुक्त करे। किसी भी संस्था पर पौष्टिक आहार नहीं मिलने पर तत्काल कार्यवाही कर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एवं राजस्व अमले को दिए। इस दौरान तय लक्ष्य अनुसार कार्य न करने पर संबंधित सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।



### कृषि विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिए

इस दौरान उन्होंने आजीविका मिशन के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं को अधिक सशक्त करने के कार्ययोजना बनाकर उन्हें डायरेक्ट सेल मार्केटिंग और प्रोडक्ट से जोड़े। पशु विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु धन से ग्रामीणों को सीधा लाभ दिया जा सकता है इस लिए शासन द्वारा दिए लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार करे बैंक से स्वीकृत के लिए मदद करे। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में स्वच्छता की ओर ध्यान देवे , गंदगी करने वालों के खिलाफ चलानी कार्यवाही कर जुर्माना लगाए ताकि शहर को स्वच्छ रखा जा सके। उन्होंने रोड की दोनों तरफ वृक्षारोपण करने , नलियों की साफ सफाई आदि से संबंधित निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षेत्र के कृषकों को खाद से संबंधित कोई परेशानी न हो इसलिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता , उन्नत खेती के प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने विभाग की योजना का संचालन शासन की मंशा अनुरूप करे , ताकि अधिक से अधिक हितग्राही मुल्क योजना से यहां के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने बहुउद्देशी कृषि साख समिति पर खाद भंडार , आजाद नगर चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। इस बैठक में अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा , तहसीलदार श्री जितेंद्र तोमर सहित अन्य विभाग के ब्लॉक अधिकारी उपस्थित थे।